तापमान
अधिकतम 38.0 डिग्री
न्यूनतम 28.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि

रायपुर, बुधवार 11 जून 2025

बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला

14 सीखने और हुनर निखारने का बेहतर मंच है समर ...


14 नवनिर्मित मंदिर में सपरिवार विराजमान ..





## खबर संक्षेप

### प्रदेश धोबी समाज कोर कमेटी की बैठक आज

**अर्जुनी।** प्रदेशस्तरीय धोबी समाज कोर कमेटी की आवश्यक बैठक 11 जून को 11 बजे से बड़ा हनुमान मंदिर सामुदायिक भवन भाटापारा में रखी गई है। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार निर्मलकर करेंगे। बैठक का मुख्य एजेंडा वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार निर्मलकर के तीन वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के बाद नए प्रदेश अध्यक्ष का निर्वाचन लोकतंत्रिक पद्धति के साथ होना है। इसके लिए मतदाता सूची के विषय में चर्चा चुनाव पर होने वाले खर्च के संबंध सहित अन्य एजेंडों पर चर्चा की जाएगी। बैठक में कोर कमेटी के पदाधिकारी सभी प्रकोष्ठ के पदाधिकारी सभी जिला के जिलाध्यक्ष सचिव कोषाध्यक्ष को उपस्थित होने की अपील की गई है। उक्त जानकारी प्रदेश मीडिया प्रभारी एवं आईटी सेल प्रदेश अध्यक्ष कमलेश रजक द्वारा दी गई।

### कांग्रेस की न्याय यात्रा आज

**कसडोल।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी तथा जिला कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर आज ब्लाक कांग्रेस द्वारा शिक्षा न्याय यात्रा रैली आयोजित है, जिसमे भजपा सरकार द्वारा शिक्षा विभाग में नये सेटअप के नाम पर किये जा रहे युक्तियुक्तकरण से प्रदेश के 10493 स्कूल बंद किये जा रहे, जिससे प्रदेश में लगभग 45 हजार से अधिक शिक्षकों के पद समाप्त हो जाने के साथ ही स्कूलों में कार्यरत भृत्य, रसोईये, स्वीपर तथा महिला समूहों के रोजगार पर प्रभाव पड़ेगा। अतः सरकार द्वारा किये जा रहे युक्तियुक्तकरण के विरोध में शिक्षा न्याय यात्रा में विधायक संदीप साहू, जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष सुमित्रा धृतलहरे, यात्रा प्रभारी राकेश वर्मा तथा सुनील शर्मा के साथ सैकड़ों कांग्रेस के कार्यकर्ता सम्मलित होंगे।

### जान से मारने की धमकी, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** बागबाहरा के एक व्यक्ति से गाली गलौज और जान से मारने की धमकी देने के मामले वकील के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थी मकसूद कुरैशी निवासी वार्ड नं 15 दैहानी भाठा बागबाहरा ने बताया कि 7 जून को रात 7.45 बजे वह फुलवारी पारा चौक में मोबिन कुरैशी के घर के सामने त्यौहार व पारिवारिक कार्य होने के कारण सभी लोगों के साथ बैठा हुआ था, इसी दौरान पेशे से वकील अब्दुल कादिर जिलानी अपनी स्कूटी से आया और स्कूटी में बैठकर ही उसे घूरते हुए गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। आरोपी के खिलाफ बागबाहरा थाने में धारा 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### एक्सीडेंट में ड्राइवर की मौत

**महासमुंद।** हाईवा के पीछे से टकराने से एक वाहन चालक की मौत हो गई। घटना को लेकर प्रार्थी मनीष श्रीवास निवासी वार्ड नं0 16 इंदिरा नगर सुपेला थाना सुपेला जिला दुर्ग ने बसना पुलिस को बताया कि 9 जून की रात की रात्रि करीबन 10 बजे अपने साथी जितेंद्र वर्मा के साथ उसके वाहन 407 क्रमांक सीजी 07 सीए 7058 में रेलवे का सामान भरकर कोहका भिलाई से बरपाली ओडिशा जा रहा था। वाहन को जितेंद्र वर्मा चला रहा था।

घटना : पानी को लेकर उपजे विवाद में शिक्षक को किया गंभीर

## दो पड़ोसियों में विवाद, शिक्षक पर किया फावड़ा से हमला, घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

मामूली बात ने हिंसक रूप ले ली। पड़ोसी युवक ने शिक्षक पर फावड़ा चलाकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। मामला पलारी थाना क्षेत्र के ग्राम कोसमंदी का है। मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 2 आरोपियों को हिरासत में लिया है।

घटना 9 जून सोमवार सुबह कि है। शिक्षक मुलेश्वर प्रसाद श्रीवास और लक्ष्मी शंकर सोनी दोनों पड़ोसी है। सुबह पानी को लेकर दोनों में कहासुनी हो गई और तैस में आकर लक्ष्मी शंकर सोनी ने शिक्षक मुलेश्वर श्रीवास पर फावड़ा से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। विवाद में आरोपी का भतीजा राम किशोर सोनी भी उनका साथ देने आ गया।

मामले में प्रार्थी मुलेश्वर श्रीवास निवासी ग्राम कोसमंदी की रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि 9 जून की सुबह 5 बजे वह अपने घर के पास निकला था, तभी उसके पड़ोसी आरोपी सामने लगे पानी के पाइप जिससे पानी बह रहा था उसे बना रहे थे, जिसे प्रार्थी द्वारा अच्छे से बना लो ऐसा बोलने पर आरोपियों ने आवेश में आकर प्रार्थी को अश्लील गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए अपने हाथ में रखे फावड़ा से प्रार्थी पर वार कर दिया। इससे प्रार्थी के चेहरे, सीने, पीठ आदि में गंभीर चोंट आयी है, जिसमें शिक्षक मूलेश्वर श्रीवास के चेहरे पर 8 टाके लगे हैं। रिपोर्ट पर थाना पलारी में धारा 296, 351(2), 109, 3(5) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध पर विवेचना में लिया गया।





थाना पलारी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रकरण में शामिल दो आरोपियों को हिरासत में लिया, जिनसे पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा पानी की बात को लेकर जान से करने के धमकी देते हुए फावडे से प्रार्थी पर वारकर उसे गंभीर चोंट पहुंचाना स्वीकार किया गया। प्रकरण में दोनों आरोपियों गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा गया।

### मारपीट के 6 आरोपी गिरफ्तार

**बलौदाबाजार।** ग्राम बिटकुली में मारपीट करने वाले 6 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गाली देने से मना करने की बात को लेकर आरोपियों द्वारा एक राय होकर प्रार्थी से मारपीट की गई। प्रार्थी भीषम यदु ने रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि 7 जून को ग्राम खपरी खार बोर बाड़ी से वह अपने चाचा शत्रुहन यदु के साथ अपनी मोटरसाइकिल से वापस घर आ रहा था, कि ग्राम बिटकुली के नहर पुलिया के पास पहुंचा था, जहां सड़क पर आरोपीगण बैठकर शराब पी रहे थे और गाली गलौच कर रहे थे। प्रार्थी अपनी मोटर सायकिल को रोककर गाली देने से मना किया, तो उक्त सभी मिलकर तुम मना करने वाले कौन होते हो कहकर, सभी एक राय होकर, अश्लील गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्का एवं चुड़ा से प्रार्थी के साथ मारपीट किए। प्रार्थी की रिपोर्ट पर आरोपीगण के विरूद्ध धारा 296,115(2),351(2),118(1), 191(2) बीएनएस का अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। चौकी करहीबाजार पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रकरण में शामिल सभी 6 आरोपी ग्राम बिटकुली चौकी निवासी 25 वर्षीय शाबीर मोह, 60 वर्षीय मनहरण ध्रुव और 50 वर्षीय इंद्र कुमार ध्रुव, ग्राम पाटन निवासी 37 वर्षीय कमलेश महंती, 22 वर्षीय गोपाल उर्फ़ गोवर्धन जायसवाल, ग्राम बिटकुली 48 वर्षीय सफी मोहम्मद को हिरासत में लिया गया, जिनसे पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा गुस्से में आकर जान से मारने की धमकी देते हुए प्रार्थी के साथ अश्लील गाली गलौज कर, उसके साथ मारपीट करना स्वीकार किया गया। प्रकरण में सभी 6 आरोपियों को 9 जून को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर न्यायालय के समक्ष पेश करने पर जिला जेल बलौदाबाजार में निरूद्ध किया गया है।

## बर्तन दुकान में चोरी के आरोप में दो अपचारी सहित तीन गिरफ्तार





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

नगर के बर्तन बाजार दुकान में चोरी करने वाले 2 अपचारी बालक सहित 3 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थाना सिटी कोतवाली पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपियों को रिपोर्ट के 8 घंटे के भीतर ही आरोपियों को हिरासत में लिया। आरोपियों ने दुकान का शटर उठाकर एवं ताला तोड़कर बर्तन आदि की चोरी की थी, जिसकी कीमत लगभग 20 हजार आंकी गई है। आरोपियों के कब्जे से पीतल केबर्तन एवं अन्य सामान बरामद किया गया है।

■ आरोपियों से जब्त किए गए चोरी के बर्तन

प्रार्थी तारा परसवानी निवासी पुरानी बस्ती बलौदाबाजार द्वारा रिपोर्ट दर्ज करायी गई कि 8 जून को सुबह 9 बजे अपने दुकान बर्तन बाजार को खोलने गया, जिसमें दुकान में काम करने वाले कर्मचारियों द्वारा बताया गया कि दुकान के पीछे तरफ का शटर एवं ताला टूटा हुआ है एवं दुकान अंदर रखे पीतल का बर्तन एवं अन्य सामान कीमती 20 हजार को कोई अज्ञात चोर द्वारा 7 जून की दरम्यानी रात चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली में धारा 305,331(4),3(5) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

प्रकरण में थाना सिटी कोतवाली पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रकरण में शामिल तथा दुकान में चोरी करने वाले ग्राम भैंसापसरा निवासी 18 वर्षीय शिवम भारती सहित 2 अपचारी बालक को हिरासत में लिया, जिनसे पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा बर्तन बाजार दुकान में बर्तन आदि को चोरी करना स्वीकार किया। इस दौरान पुलिस टीम द्वारा आरोपियों की निशानदेही पर बर्तन दुकान से चोरी किया हुआ 20 हजार का पीतल के बर्तन एवं अन्य सामान बरामद किया गया। इस प्रकरण में तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया।

## विधिक सेवा प्राधिकरण जागृति इकाई का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदा बाजार

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के तीन दशक पूरे होने से नालसा द्वारा जागृति एवं डॉन एवं संवाद इकाई का गठन किये जाने एवं महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके तारतम्य में राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के गार्गदर्शन एवं अब्दुल जाहिद कुरैशी, प्रधान जिला न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलौदाबाजार के निर्देशन में जिला मुख्यालय एवं तालुका स्तर पर जागृति इकाई का गठन किया गया है।

जागृति इकाई का मुख्य कार्य जमीनी स्तर पर निःशुल्क विधिक सहायता का प्रचार प्रसार करना एवं शासन की योजनाओं का लाभ प्रदान करना, प्रचार प्रसार का माध्यम पब्लिक स्क्रीनिंग, नुक्कड़ नाटक, मोबाइल लीगल एड वेन पोस्टर एवं बैनरर्स, लाउडस्पीकर, लोकल न्यूज पेपर, आल इंडिया रेडियों, दूरदर्शन, लीगल एंड क्लिनिक, ग्राम सभा, स्कूल, पब्लिक बिल्डिंग एवं अन्य डिजिटल बोर्ड के माध्यम से किया जाना है। डॉन का मुख्य कार्य जमीनी स्तर पर नशामुक्ति के संबंध में जागरूकता अभियान चलाना है, नेशनल नारकोटिक्स हेल्पलाईन नंबर 1933 एवं अन्य हेल्पलाईन नंबर 14446 एवं 15100 का प्रचार प्रसार करना। आनलाईन नशामुक्ति के संबंध में आनलाइन स्कूल कॉलेज, सड़कों पर रहने वाले बच्चे, सेक्स वर्कर, जेल, जूवेनाइल होम, केमिस्ट, ड्रग पीड़ित व्यक्ति एवं उनके परिवारों, आम जनता के मध्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन करना है।




## भाजपा मंडल की बैठक में गिनाई गई केंद्र सरकार की उपलब्धि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला

भाजपा मंडल सुहेला की बैठक कुर्मी भवन में भाजपा मंडल अध्यक्ष हेमंत बघमार की अध्यक्षता, दिनेश चवरे सरपंच संघ अध्यक्ष, करण वर्मा भाजयुमो अध्यक्ष, कीर्ति वर्मा महिला मोर्चा अध्यक्ष, फंदरु पाल के विशेष आतिथ्य में संपन्न हुई। इस अवसर शिव कटरिया ने कहा की 2014 के बाद देश में परिवर्तन आया है, मोदीजी के आने के बाद देश मजबूत हुआ है।

स्वच्छता की ओर लोगो का झुकाव बढ़ा है। आज हर घर शौचालय का निर्माण हुआ है। प्रधानमंत्री आवास से लोगों के घर पक्का बन रहे हैं। हर घर नल जल योजना किसान सम्मान निधि आयुष्मान कार्ड से गरीबों का इलाज मोदी राज में ही सम्भव हुआ है। आज भारत विश्व की सबसे चौथी अर्थव्यवस्था वाला देश बना है। राम मंदिर निर्माण धारा 370 की समाप्ति, तीन तलाक जैसे वर्षों पुराना समस्या भी मोदी सरकार आने के बाद सुलझाया गया है।




भाजपा मंडल अध्यक्ष हेमंत बघमार ने बताया कि मोदीजी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने ले किए 13 और 14 जून को प्रत्येक शक्ति केन्द्र पर जन चौपाल का आयोजन होगा। 21 जून को विश्व योग दिवस तथा 23 जून को श्याम प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि बलिदान दिवस के रूप प्रत्येक बूथ पर मनायी जाएगी। 25 जून को आपातकाल के विषय में संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। बैठक को सरपंच संघ अध्यक्ष दिनेश चवरे, कीर्ति वर्मा, मानेश्वरी साहू ने भी संबोधित किया। इस मौके पर धनीराम साहू, रामकुमार साहू, शीतल वर्मा, सत्या जोगी, हरिशंकर वर्मा, सुनील वर्मा, हेमंत यादव, धनेश निर्मलकर, दीपक वर्मा, कुलदीपक वर्मा, घनश्याम वर्मा, महेंद्र साहू, चोवा साहू, भुनेश्वर साहू, बेनी राम साहू, अशवन साहू, सोहन बघमार, सुखचंद निर्मलकर, लेखराम साहू, मनोज साहू, नरेश धुरंधर, रीकेश साहू, सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

नगर पालिका अध्यक्ष ने सुलझाया वर्षों पुराना विवाद

## ऑटो संघ एवं बस एसोसिएशन के मध्य सुलझा विवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

नगर में लम्बे समय से ऑटो संघ एवं बस एसोसिएशन के मध्य चल रहे मतभेद का समाधान आज संवाद, सहयोग एवं संयम की त्रिवेणी से संभव हो सका। पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा के मार्गदर्शन, नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा के प्रयासों तथा दोनों पक्षों की सकारात्मक सोच और परस्पर विश्वास ने इस जटिल विषय को शांतिपूर्ण ढंग से सुलझाने का मार्ग प्रशस्त किया।

इस समाधान की दिशा में नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा के समन्वयकारी प्रयासों की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही। उनके नेतृत्व में दोनों पक्षों के प्रतिनिधियों से खुले विचार-विमर्श और निष्पक्ष वार्ता का वातावरण तैयार हुआ, जिससे समन्वय का मार्ग प्रशस्त हुआ।



इस सराहनीय पहल के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हुए ऑटो संघ के प्रतिनिधिमंडल ने नगर पालिका कार्यालय पहुंचकर अध्यक्ष अश्वनी शर्मा के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर उन्हें यह विश्वास भी दिलाया गया कि भविष्य में भी जनहित एवं परिवहन सुविधा से जुड़े विषयों पर पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य किया जाएगा।

यह समाधान न केवल दो संगठनों के बीच समन्वय का प्रतीक है, बल्कि भाटापारा की यातायात व्यवस्था में स्थिरता, सुचारु संचालन और आमजन की सुविधा की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि भी है। सभी संबंधित पक्षों द्वारा प्रदर्शित संयम, सहभागिता और परिपक्वता ने सामूहिक प्रयास को सफलता में परिणत किया है।

अश्वनी शर्मा ने कहा परिवहन व्यवस्था किसी भी नगर की जीवनरेखा होती है। ऑटो संघ और बस एसोसिएशन के बीच उत्पन्न स्थिति को शांति और विश्वास के साथ सुलझाना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी थी। सभी पक्षों ने परिपक्वता दिखाई और संवाद के माध्यम से समाधान को अपनाया, इसके लिए सभी धन्यवाद के पात्र हैं। जनहित में हम सदैव तत्पर हैं और भविष्य में भी ऐसी सकारात्मक पहल जारी रहेगी।

## पलारी में 17 जून को रक्तदान शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

नगर पंचायत पलारी में 17 जून को एक विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर स्थानीय तहसील साहू भवन बालसमुंद रोड में प्रातः 9 से शाम 5 बजे तक आयोजित होगा। यह आयोजन संदीप साहू विधायक, कसडोल विधानसभा के जन्मदिन पर किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा ज़रूरतमंदों के लिए रक्त उपलब्ध कराना है। इस पुनीत कार्य में 'संकट मोचन ब्लड सेंटर, शिवरीनारायण' विशेष सहयोगी के रूप में सम्मिलित है। शिविर में रक्तदाताओं को हेलमेट एवं विशेष प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। रक्तदान करने हेतु गोपी साहू अध्यक्ष नगर पंचायत पलारी, पिंटू वर्मा उपाध्यक्ष नगर पंचायत पलारी, हर्षू वर्मा अध्यक्ष युवा कांग्रेस, धन्नू साहू प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ साहू समाज, केशव साहू मीडिया प्रभारी जिला साहू संघ, संजू साहू, डोमार साहू, पनमेश्वर साहू, हेमंत साहू, हेमकुमार साहू से संपर्क कर जानकारी ले सकते हैं।



■ ज़रूरतमंदों के लिए रक्त उपलब्ध कराना

आयोजन समिति की ओर से क्षेत्रवासियों को आमंत्रित किया गया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर रक्तदान कर मानवता की सेवा में अपना योगदान दें।

## खबर संक्षेप



### शहर में पहली ई-बस की सड़क पर एंट्री, अभी ट्रायल में चलेगी

**रायपुर।** शहर में पहली ई-बस की सड़क पर एंट्री करने का प्रयास कांकेर ट्रैवल्स ने किया है। इसके बारे में सोमवार को पत्रकार वार्ता में डायरेक्टर नवशरण सिंह गरचा ने बताया कि इसे सबसे पहले लाने का उद्देश्य ई-बस को पब्लिक सेवा का हिस्सा बनाने से पहले यह जानना है, किस तरह की दिक्कतें आएंगी। सबसे बड़ी समस्या चार्जिंग पाइंट की है। इसे देखते हुए एक बार चार्ज करने पर 250 किलोमीटर चलने वाली इस ई-बस को प्राइवेट संस्था से जोड़कर कर्मचारियों को लाने ले जाने के लिए ट्रायल के रूप में शुरू किया गया है। सरकार अगर इसे प्रमोट करे, तो शहर के बीच बढ़ते प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए कारगर प्रयास किया जा सकता है।

### आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में 11 को रक्तदान जागरूकता कार्यक्रम

**रायपुर।** विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष्य में 11 जून को प्रदेशभर के सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस वर्ष की थीम "गिव ब्लड, गिव होपः टुगेदर वी सेव लाइव्स" के संदेश को लेकर यह आयोजन राज्यभर में आयोजित किए जा रहे हैं। बुधवार को आरोग्य मेलों के अंतर्गत इन कार्यक्रमों में नागरिकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। आयोजन में रक्तदान के लिए पंजीकरण, शपथ ग्रहण समारोह, जनजागरूकता रैलियाँ और उत्कृष्ट रक्तदाताओं का सम्मान जैसे कार्यक्रम शामिल होंगे। गाँवों में भी कार्यक्रमों को लेकर विशेष तैयारी की जा रही है। ग्राम पंचायत स्तर पर सरपंच की अगुवाई में रक्तदान शपथ समारोह आयोजित किए जाएंगे। नागरिकों को यह शपथ हिंदी, अंग्रेज़ी और स्थानीय भाषाओं में दिलाई जाएगी। इसके अतिरिक्त युवाओं और जनप्रतिनिधियों की भागीदारी से रैलियाँ, पोस्टर प्रदर्शनी और अन्य जनजागरूकता गतिविधियाँ चलाई जाएंगी।विभाग ने स्पष्ट किया कि इस पहल को एक जन-आंदोलन का रूप देते हुए अधिक से अधिक लोगों को इस मानवसेवा से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा।

# बंगाल की खाड़ी में बना राहत का सिस्टम, गुरुवार से व्यापक बारिश होने की संभावना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

जून में उमस भरी गर्मी से परेशान हो चुके प्रदेश के लोगों को राहत देने के लिए बंगाल की खाड़ी में राहत का सिस्टम यानी चक्रीय चक्रवाती घेरा तैयार हो चुका है। इसके प्रभाव से दो दिन में बारिश की गतिविधि शुरू होगी और 15 जून तक दक्षिण-पश्चिम मानसून के सक्रिय होने की संभावना है। अभी वातावरण में मौजूद नमी और तेज गर्मी के प्रभाव से बादल छा रहे हैं, जो कुछ स्थानों पर प्री-मानसून का कारण बन सकते हैं।

दक्षिण-पश्चिम मानसून पिछले 11 दिन से दंतेवाड़ा में अटका पड़ा है और प्रदेश में बारिश की गतिविधि पूरी तरह थमने की वजह से लोग उमस वाली गर्मी से हलाकान हो चुके हैं। कमरे के भीतर उमस भरी बेचैनी और बाहर तेज धूप ने लोगों को हलाकान कर रखा है। सोमवार को आसमान पर बादल छाए रहने की वजह से अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस से आगे नहीं बढ़ पाया। बादल के कारण धूप का प्रभाव थोड़ा कम रहा, मगर उमस ने असर दिखाने में कोई कमी नहीं छोड़ी। मौसम विशेषज्ञों का अनुमान है आने वाले दिनों में बारिश की गतिविधि बढ़ने से उमस भरी गर्मी से राहत मिल सकती है। वर्तमान में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव कम होने के साथ उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी-दक्षिण गंगेटिक पश्चिम बंगाल-तटीय उड़ीसा के ऊपर बना ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण अपना रूप बदलकर कम दबाव का क्षेत्र बनेगा। कल 10 जून को प्री-मानसून के रूप में एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। 11 जून से अधिकतम तापमान में गिरावट का दौर प्रारंभ होने और 12 जून से वर्षा का क्षेत्र बढ़ने की संभावना है। माना जा रहा है कि 15 जून से प्रदेश में मानसून की गतिविधि तेज होगी और 15 जून के आसपास से व्यापक वर्षा संभावित है।

**15 जून तक सक्रिय होगा दक्षिण-पश्चिम मानसून**

**पिछली बार सुकमा इस बार दंतेवाड़ा**

पिछली बार मानसून सुकमा में आकर अपनी सामान्य तारीख तक अटका हुआ था। इस बार यह दंतेवाड़ा तक पहुंचा और लंबे समय से रुका हुआ है। पिछली बार की तरह इस बार भी दक्षिण-पश्चिम मानसून 15 जून के बाद सक्रिय होकर तीन-चार दिनों में पूरे प्रदेश में सक्रिय हो जाएगा।



## डेढ़ दर्जन सामाजिक संगठनों का आव्हान, 10 सूत्रीय मांग को लेकर धरना

# नवा रायपुर के तूता धरनास्थल पर संवैधानिक हक के लिए राज्यव्यापी धरना प्रदर्शन आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नवा रायपुर के तूता धरना स्थल पर 11 जून को संवैधानिक हक के लिए 16 सामाजिक संगठन एक साथ मिलकर राज्य व्यापी धरना देंगे। 10 सूत्रीय मांगों के प्रति शासन का ध्यान आकर्षित कराने धरना प्रदर्शन में बड़ी संख्या में सर्व समाज के पदाधिकारी अपने हक की आवाज बुलंद करने जुटेंगे।

छत्तीसगढ़ राज्य आरक्षित वर्ग अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन के प्रस्ताव पर सर्व अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति वर्ग के समाज प्रमुखों द्वारा आमसभा में यह निर्णय हुआ कि संवैधानिक मांगों के समर्थन में राजधानी में 11 जून को राज्यव्यापी धरना दिया जायेगा। नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल पर संवैधानिक जागरूकता का परिचय देने समाज जन जुटेंगे। प्रदेश स्तरीय धरना प्रदर्शन में छत्तीसगढ़ अनुसूचित जाति, जनजाति अधिकारी कर्मचारी संघ अजाक्स, छत्तीसगढ़ अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल आरक्षित वर्ग अधिकारी कर्मचारी संघ एवं सोशल जस्टिस एंड लीगल फाउंडेशन छत्तीसगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में विभिन्न अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, सामाजिक संगठन एवं अधिकारी कर्मचारी संगठन के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहेंगे।




■ छत्तीसगढ़ राज्य आरक्षित वर्ग अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन के प्रस्ताव पर सर्व अनूसूचित जाति, जनजाति वर्ग के समाज का निर्णय

**प्रमुख मांग इस तरह**

- अनुसूचित जाति, जनजाति वर्गों के लिए पदोन्नति में आरक्षण नियम 5 को पुनः अधिसूचित करना एवं सुप्रीम कोर्ट के अंतरिम आदेश 1 मई 2023 व 24 फरवरी 2025 को पदोन्नति में तत्काल लागू करवाना।
- पिछले वर्गों के बैकलाग पदों की पूर्ति के लिए विशेष भर्ती अभियान की कार्यवाही करवाने की मांग।
- जनसंख्या के आधार पर अनुसूचित जाति, जनजाति आरक्षण का निर्धारण एवं जिला व संभाग स्तरीय, स्थानीय भर्ती पर आरक्षण अधिनियम बनाने की कार्यवाही।
- राज्य में आरक्षित वर्गों के छात्रवृति के लिए 2011 से निर्धारित 2.50 लाख रुपये की आय सीमा को समाप्त करने की मांग।
- फर्जी जाति प्रमाणपत्र- पत्रधारितों पर सेवा समाप्ति की कार्यवाही जल्द करवायी जाये।
- जाति प्रमाणपत्र बनाने की प्रक्रिया सरलीकरण संबंधी मांग।
- अनुसूचित जाति ,जनजाति उपयोजना, निधियों का निर्धारण, आवंटन व उपयोगिता को लेकर बजट अधिनियम बनवाना।
- छत्तीसगढ़ लोक सेवा अधिनियम 1994 के प्रावधानों का शत-प्रतिशत लागू करवाने की मांग।
- 5वीं अनुसूची क्षेत्रों की 85 विकासखंडों में स्थानीय प्रशासन का पेसा कानून के तहत प्रभावी क्रियान्वयन करवाना।
- छत्तीसगढ़ भू राजस्व संहिता की धारा के तहत अनुसूचित जनजाति की भूमि अंतरण प्रतिबंध में पट्टा को शामिल नहीं करने जारी परिपत्र 17 अगस्त 2016 को तत्काल निरस्त किया जाये।

# दिल्ली जाना सस्ता, वापसी का किराया महंगा, देने पड़ रहे 21 हजार रुपए तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



■ कुछ अन्य शहरों से रिटर्न टिकट पर खर्च दोगुना

राजधानी रायपुर से इन दिनों दिल्ली जाना तो सस्ता है, मगर वापसी के लिए दोगुनी राशि खर्च करनी पड़ रही है। मंगलवार को रायपुर से दिल्ली का फेयर 7500 के लगभग है, मगर रिटर्न टिकट के लिए 21 हजार रुपये तक देने पड़ रहे हैं। इसी तरह हैदराबाद, इंदौर सहित कुछ अन्य शहरों से वापसी का किराया महंगा है।

ट्रैवल्स कारोबार से जुड़े सूत्रों का कहना है कि अब स्कूल की छुट्टियां खत्म होने वाली हैं, इसलिए बाहर गए परिवारों की वापसी की दौर शुरू हो गया है। इसकी वजह से विभिन्न शहरों से रायपुर वापसी की फ्लाइट के लिए यात्रियों को काफी पैसे खर्च करने पड़ रहे हैं। आने वाले दिनों में स्कूल खुलने के साथ बारिश का दौर भी शुरू हो जाएगा, जिससे हवाई यात्रा की स्थिति सामान्य हो जाएगी। अभी शहर से जाने के बजाए लौटने वालों की संख्या अधिक है। इसकी वजह से शहर वापसी का किराया अधिक है। मंगलवार को रायपुर से दिल्ली जाने का टिकट 7500 में मिल रहा है, वहीं वापसी के लिए 20 से 21 हजार रुपये तक देने पड़ रहे हैं। रायपुर-हैदराबाद का फेयर 7 हजार तक है, लेकिन वापसी का फेयर 14 से 16 हजार है।

इसी तरह रायपुर से इंदौर का फेयर 5700 के लगभग है। वहीं वापस रायपुर आने के लिए दस हजार रुपये तक देने पड़ रहे हैं। अभी रायपुर से मुंबई जाने का फेयर 10 हजार तक रुपयए तक है और वापसी का टिकट साढ़े 5 हजार में मिल रहा है। इसी तरह कोलकाता जाने का फेयर 77 सौ से 14 हजार के बीच है और आने का फेयर 55 से 7800 के बीच है।

# जोन 8 हंगामा के उपद्रवियों पर होगी गैर जमानती कार्रवाई, महापौर ने किया आश्वस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



■ जोन कार्यालय में घुसकर उपद्रव करने की घटना को बताया निंदनीय

नगर पालिका निगम कर्मचारी एकता संघ के अध्यक्ष प्रमोद जाधव और पदाधिकारियों ने सोमवार को महात्मा गांधी सदन पहुंचकर महापौर मीनल चौबे से उनके कक्ष में मुलाकात की।

इस मौके पर पदाधिकारियों ने उन्हें 4 जून को जोन 8 कार्यालय परिसर में की गई घटना से अवगत कराते हुए आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। इस पर मीनल चौबे ने घटना को निंदनीय और शर्मनाक बताते हुए प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि जल्द ही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से मिलकर उनसे प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए आरोपियों पर गैर जमानती धाराएं लगाकर नियम अनुसार कड़ी कार्रवाई की मांग की जायेगी। निगम के कर्मचारियों और अधिकारियों की डयूटी पर फील्ड में पर्याप्त सुरक्षा की व्यवस्था जिला पुलिस अधीक्षक से मिलकर प्रशासनिक तौर पर विशेषकर कार्रवाई के दौरान पूर्व से निश्चित करवायी जायेगी। महापौर से मिलने गये नगर निगम कर्मचारी एकता संघ के प्रतिनिधिमंडल में संघ के अध्यक्ष प्रमोद जाधव, उपाध्यक्ष मोहित दर्रो, श्याम सोनी, अपर आयुक्त विनोद पांडे, जोन 8 कमिश्नर राजेश्वरी पटेल, अरुण ध्रुव, विवेकानंद दुबे, खीरसागर नायक, उपायुक्त रमाकांत साहू, कार्यपालन अभियंता अंशुल शर्मा सीनियर, अंशुल शर्मा जूनियर सहित वरिष्ठ अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# महिला उद्यमियों को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने कैट ने की पहल

■ कैट ने मेटा के साथ की व्यापार सखी कार्यक्रम की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

महिला उद्यमियो को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने कैट और मेटा ने संयुक्त रूप से पहल करते हुए सोमवार को व्यापार सखी कार्यक्रम की शुरुआत की।

कैट की महिला प्रदेश अध्यक्ष मधु अरोरा, प्रदेश महामंत्री पिंकी अग्रवाल एवं महिला प्रदेश कोषाध्यक्ष प्रेरणा भट्ट ने बताया कि समावेशी आर्थिक विकास और देशभर में महिला-उद्यमिता को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल कैट ने मेटा के साथ संयुक्त रूप से की है।'व्यापार सखी' कार्यक्रम जो कि एक राष्ट्रीय मिशन है, जिसका उद्देश्य देशभर में महिला व्यापारियों को डिजिटल टेक्नोलॉजी के ज़रिए अपने व्यापार को सशक्त बनाना है। कैट के महिला प्रदेश अध्यक्ष मधु एवं महिला प्रदेश महामंत्री पिंकी अग्रवाल ने बताया कि यह कार्यक्रम नई दिल्ली स्थित एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर में आयोजित किया गया, जिसमें राजधानी की 100 से अधिक महिला उद्यमियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में उन्होंने अपने अनुभव, विचार और उद्यमिता के यात्रा की प्रेरणादायक कहानियां साझा कीं। पदाधिकारी द्वय ने कि इस अवसर पर चांदनी चौक से सांसद तथा कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने कहा की "प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में महिला उद्यमिता विज़न के अंतर्गत शुरू किया गया व्यापार सखी कार्यक्रम महिला उद्यमियों, विशेषकर छोटे शहरों और ग्रामीण भारत की महिलाओं को डिजिटल टेक्नोलॉजी अपनाने के लिए प्रेरित करेगा। इस पहल के माध्यम से महिलाओं को सोशल मीडिया के प्रभावी उपयोग की ट्रेनिंग दी जाएगी, जिससे वे अपने व्यापार को बढ़ा और विस्तारित कर सकें। साथ ही कैट देशभर के संभावित खरीदारों से महिला उत्पादकों को जोड़ने के लिए एक मैच मेकिंग प्रणाली विकसित करेगा, जिससे उनके उत्पादों को नई बाजार संभावनाएं और व्यापक दृश्यता मिलेगी।

# मारपीट के वायरल वीडियो में शामिल लड़कियां सेक्स रैकेट में संलिप्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

■ वेडिंग ईवेंट की आड़ में संचालित कर रही थीं सेक्स रैकेट

डीडीनगर थाना क्षेत्र में पिछले सप्ताह लड़के तथा लड़कियों के बीच मारपीट का सोशल मीडिया में वीडियो वायकल हुआ था। वायरल वीडियो के आधार पर पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर अपराध दर्ज कर मामले की जांच की। जांच में पुलिस को लड़कियों के सेक्स रैकेट गिरोह से जुड़े होने के प्रमाण मिले। लड़कियों के मोबाइल पर पुलिस को ढाई सौ से ज्यादा लड़कियों के मोबाइल नंबर मिले हैं। जिनके देह व्यापार में संलिप्त होने की पुलिस को आशंका है।

पुलिस के अनुसार मारपीट करने के मामले में पांच लड़कियों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार लड़कियां दूसरे शहरों की हैं। पुलिस ने आठ लड़कियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। पुलिस ने मारपीट के आरोप में जिन पांच लड़कियों को गिरफ्तार कर उनके मोबाइल की जांच की, तो मोबाइल के वाट्सएप में लड़कियों के नाम के साथ उनके रेट लिखे गए थे।

**वेडिंग ईवेंट की आड़ में सेक्स रैकेट**

पुलिस के अनुसार सेक्स रैकेट संचालित करने वाला यह गिरोह किसी को पुलिस पर इन पर शक न हो, इसके लिए कथित तौर पर रैकेट अपने आपको वेडिंग ईवेंट टीम से जुड़ा होना बताते थे। पुलिस इस पूरे मामले की पड़ताल कर आने वाले दिनों में सेक्स रैकेट से जुड़े गिरोह को लेकर कई अहम खुलासा कर सकती है।

**नेटवर्क का जाल राज्य के दूसरे शहरों तक फैला**

पुलिस ने लड़कियों के मोबाइल की पड़ताल की, तो मोबाइल में राज्य के दूसरे शहर रायपुर के साथ रायगढ़, बिलासपुर, दुर्ग, अंबिकापुर तथा बस्तर तक की लड़कियों के मोबाइल नंबर मिले। इसके साथ ही नार्थ ईस्ट की लड़कियों के मोबाइल नंबर मिले। पुलिस की पड़ताल में खुलासा हुआ है कि 10-10 हजार रुपए में दूसरे राज्यों से भी लड़कियां बुलाई जा रही हैं। उन लड़कियों को आने-जाने और रहने की पूरी सुविधा दी जाती है। आउटर की कॉलोनियों में युवतियों ने फ्लैट लेकर रखा हुआ है। यहां इन युवतियों को ठहराया जाता है। वहीं से युवतियों को लेने गाड़ियां आती हैं, जिसमें बैठकर वे पार्टी वाली जगह पहुंचती हैं। इन लड़कियों के संपर्क में कई बड़े कारोबारी भी हैं।

# चैंबर भवन में नंबर प्लेट शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

■ छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज और रायपुर परिवहन विभाग की संयुक्त पहल

छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज और रायपुर परिवहन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में शहर के महत्वपूर्ण व्यापारिक संघों बंजारी रोड, एमजी रोड, गोल बाजार, इलेक्ट्रिकल मर्चेंट एसोसिएशन और जयराम कॉम्पलेक्स के सहयोग से नंबर प्लेट शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर चैंबर भवन में सुबह 10 से शाम 4 बजे तक चलेगा। मुख्य उद्देश्य वाहन मालिकों को अपने वाहनों पर एचएसआरपी नंबर प्लेट लगवाने की प्रक्रिया को सुगम और सुविधाजनक बनाना है। चैंबर अध्यक्ष सतीश थौरानी ने इस पहल पर कहा कि अपने व्यापारिक समुदाय और आम जनता की सुरक्षा और सुविधा के लिए प्रतिबद्ध हैं। परिवहन विभाग के साथ मिलकर इस शिविर का आयोजन करने से वाहन मालिकों को अपने व्यावसायिक और निजी वाहनों के लिए आवश्यक बर प्लेट प्राप्त करने में आसानी होगी, जिससे वे सरकारी नियमों का पालन कर सकें और सुरक्षित महसूस कर सकें।

### चिल्हर की कमी दूर करने स्टेट बैंक प्रमुख से चैंबर प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात



छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधि मंडल ने भारतीय स्टेट बैंक प्रमुख राकेश कुमार सिन्हा एवं मनी चेस्ट के प्रमुख दीपक सिन्हा से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान छत्तीसगढ़ के व्यापारियों एवं आमजनता को दैनिक व्यवहार और व्यापार में होने वाली चिल्हर और नोट की कमी से अवगत कराया। श्री सिन्हा ने संबंधित ब्रांच से बात कर आश्वस्त किया कि जल्द से जल्द चैंबर के माध्यम से चिल्हर की कमी को दूर करने के लिए क्वाइन कैंप लगाकर सिक्कों एवं नोट का वितरण किया जाएगा । प्रतिनिधिमंडल में चैंबर के कार्यकारी अध्यक्ष राजेश वासवानी, जसप्रीत सिंह सलूजा, उपाध्यक्ष लोकेश चंद्रकांत जैन, मंत्री राजेंद्र पारेख एवं प्रथम बाफ़ना प्रमुख रूप से शामिल हुए ।

# निगम-मंडलों में पद नहीं मिलने से यादव समाज नाराज, राजिम में बनाएंगे रणनीति

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



■ यादव ठेठवार समाज महासभा ने पत्रकार वार्ता में दी जानकारी

निगम और मंडलों में पद देते समय की गई कोताही से यादव (ठेठवार) समाज महासभा ने नाराजगी जताते हुए 22 जून को प्रांतीय मुख्यालय राजिम में सामाजिक बैठक करने और रणनीति बनाने का भी निर्णय लिया है। इसमें समाज के पदाधिकारी भाजपा द्वारा की गई अनदेखी जैसे अहम मसले पर मंथन करने वाले हैं। समाज हमेशा हिन्दुत्व विचार धारा के साथ रहा है, लेकिन भाजपा ने अनदेखी की है। 36 लाख से ज्यादा की आबादी वाले समाज को स्थान नहीं मिल रहा है।

महासभा के प्रदेश अध्यक्ष गुलेन्द्र यादव, दाऊराम यादव, देवेन्द्र यादव और समलिया यादव ने प्रेस क्लब में पत्रकार वार्ता के दौरान यह जानकारी दी। बताया कि समाज हर तरह से भाजपा का साथ दिया है। जब भी सहयोग मांगा, समाज ने साथ दिया। अब सत्ता में आने के बाद समाज को नजरअंदाज किया जा रहा है। इसे देखते हुए आगामी 22 जून को राजिम स्थित मुख्यालय में प्रदेशभर के पदाधिकारियों की अहम बैठक की जाएगी। विरोध के लिए रणनीति बनाने के साथ हम जल्द ही सीएम निवास और भाजपा कार्यालय का घेराव करने वाले हैं। इसमें भारी संख्या में समाज के लोग ही नहीं अलग-अलग क्षेत्र से जुड़े समाज के जनप्रतिनिधियों को भी व्यक्तिगत रूप से समर्थन देने के लिए आग्रह किया है।

■ ग्राउंड फ्लोर पर अब तक शिफ्ट नहीं हुआ दफ्तर

# टॉप फ्लोर पर जोन 7 का दफ्तर पब्लिक परेशान, लिफ्ट रहती है खराब

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नगर निगम का जोन 7 दफ्तर लोगों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। टॉप फ्लोर पर जोन दफ्तर होने से बुजुर्ग, महिलाओं और दिव्यांगों को निगम से संबंधित कार्यों के लिए सीढ़ी चढ़कर ऊपर जाना पड़ता है। लोगों के आने-जाने के लिए एक लिफ्ट लगायी गयी है, पर वह अक्सर बंद रहती है।

नगर निगम की सामान्य सभा में आम जनता को होने वाली परेशानी व शिकायत को देखते हुए एमआईसी सदस्य भोलाराम साहू ने सदन में यह मामला उठाया। इसमें यह कहा गया कि ग्राउंड फ्लोर पर सी मार्ट वाली जगह खाली है, इसलिए पूर्व की तरह जोन दफ्तर ग्राउंड फ्लोर पर संचालित किया जाये। महापौर मीनल चौबे ने सदन को आश्वस्त किया था कि जोन 7 दफ्तर को ग्राउंड फ्लोर पर शिफ्ट कर दिया जायेगा।

**सामान्य सभा से आदेश पारित फिर भी चल रही मनमानी**



**ग्राउंड फ्लोर पर शिफ्ट होगा जोन दफ्तर**

आम जनता को होने वाली असुविधा को देखते हुए जल्द ही अग्रसेन चौक समता कालोनी में संचालित जोन 7 का दफ्तर ग्राउंड फ्लोर पर शिफ्ट होगा। इसके लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया जायेगा। बुजुर्गों, दिव्यांगों सहित आम जनता को जोन दफ्तर आने-जाने में परेशानी ना हो, इस बात का पूरा ध्यान रखा जायेगा।

\- **मीनल चौबे,** महापौर, नगर निगम रायपुर

**0 7 वार्ड के रहवासी पहुंचते हैं जोन कार्यालय**

नगर निगम के जोन 7 दफ्तर में 7 वार्ड के रहवासी राशनकार्ड, आधार कार्ड, पेंशन, नल कनेक्शन ,बिजली, पानी, सफाई की समस्या लेकर पहुंचते हैं। पर उन्हें संबंधित अधिकारियों से मिलने 3 फ्लोर तक सीढ़ी चढ़कर जोन दफ्तर पहुंचना पड़ता है। इसके कारण हार्ट के मरीज, कमजोर व उम्रदराज लोग ऊपर चढ़ नहीं पाते। इसकी शिकायत लगातार निगम आयुक्त और महापौर से भी की जाती रही है। चूंकि पूर्व में जोन 7 कमिश्नरी का दफ्तर ग्राउंड फ्लोर में संचालित हुआ करता था, इसलिए आम जनता को किसी तरह की परेशानी नहीं हुई, पर कांग्रेस शासन काल में ग्राउंड फ्लोर पर संचालित जोन दफ्तर को खाली कराकर यहां राज्य शासन के आदेश पर वनोपज मिलर्स को बढ़ावा देने रायपुर स्मार्ट सिटी ने इसे सी मार्ट की दुकान खोलने किराये पर दे दिया। चूंकि सी मार्ट की दुकानें खाली हो चुकी हैं, इसलिए जनहित में जोन 7 का दफ्तर ग्राउंड फ्लोर में शिफ्ट कराने की मांग जोर-शोर से हो रही है।

# फर्जी खनिज अधिकारी बन कर उगाही, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राखी थाना क्षेत्र में फर्जी खनिज अधिकारी बनकर उगाही करने के आरोप में दो बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है। बदमाश नवा रायपुर मिनी मार्केट के पास रेत से लदे हाईवा को रोक कर उसके चालक तथा मालिक से गाली-गलौज कर उगाही करने की कोशिश कर रहे थे। पैसा नहीं देने पर वाहन मालिक को ट्रक चलाने नहीं देने की धमकी दे रहे थे।

अशोक टंडन की शिकायत पर पुलिस ने जबरन उगाही करने की कोशिश करने के आरोप में अविनाश शर्मा, विनय यादव को गिरफ्तार किया है। अशोक ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि रविवार देर रात वह कुम्हारी से अपने हाईवा में रेत लोड कर नवा रायपुर ला रहा था। इसी दौरान कार सवार दो लोगों ने उसके हाईवा को रोक कर अपना नाम बताते हुए पैसों की मांग की।

इस पर अशोक ने अपने पास पैसा नहीं होने का हवाला देते हुए दोनों की अपने मालिक से मोबाइल पर बात कराई। हाईवा मालिक को धमकाते हुए दोनों बदमाश ने उससे अपने यूपीआई में पैसा डालने के लिए कहा। इस पर हाईवा मालिक ने पैसा देने से इनकार कर दिया। बदमाश हाईवा मालिक को धमकाते हुए रास्ते में उनकी हाईवा नहीं चलने की धमकी देकर वहां से चले गए। इसके बाद हाईवा मालिक और ड्राइवर ने बदमाशों की थाना पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई।

# अघरिया सदन का हुआ लोकार्पण, वार्षिक अधिवेशन में हुआ प्रतिभाओं का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

ग्राम पंचायत मचेवा में रविवार को अखिल भारतीय अघरिया समाज के नवनिर्मित अघरिया सदन का लोकार्पण हुआ। कार्यक्रम क्षेत्रीय सांसद रूपकुमारी चौधरी के मुख्य आतिथ्य, केंद्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय अघरिया समाज उषा पटेल के अतिविशिष्ट आतिथ्य, नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू, सभापति जिला पंचायत महासमुंद नैन पटेल, देवकी प्रकाश पटेल, सदस्य जिला पंचायत जागेश्वर जुगनू चंद्राकर, सभापति जनपद पंचायत महासमुंद महेंद्र कुमार साहू, सरपंच ग्राम पंचायत मचेवा प्रमिला संजय ध्रुव, संयोजक अभाअस होरीलाल पटेल के विशिष्ट आतिथ्य तथा अघरिया समाज क्षेत्र महासमुंद के अध्यक्ष परसराम पटेल की अध्यक्षता में हुआ। इस मौके पर सांसद एवं विधायक मद से प्राप्त सामुदायिक भवन का भी भूमिपूजन कार्यक्रम हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ समाज के इष्ट देव योगेश्वर भगवान कृष्ण की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। गीता पटेल के कृष्ण के स्तुति एवं मंत्रोच्चार के पश्चात समाज के वार्षिक सभा का शुभारंभ हुआ। महासमुंद के अध्यक्ष परस राम पटेल ने अपने स्वागत भाषण में मंचीय अतिथियों एवं स्वजातीय बंधुओं का स्वागत करते हुए सामाजिक गतिविधियों का प्रतिवेदन



एवं कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की। समाज के सचिव देवा पटेल ने वार्षिक आय व्यय की जानकारी दी। कार्यक्रम में महासमुंद क्षेत्र के दसवीं एवं बारहवीं बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट अंक लाने वाले समाज के 25 प्रतिभावान विद्यार्थियों, नीट परीक्षा में चयनित देवेंद्र पटेल तथा समाज से निर्वाचित 04 जिला पंचायत सदस्यों, 01 जनपद सदस्य, 08 सरपंच, 08 उपसरपंच तथा 03 सोसायटी के प्राधिकृत अध्यक्षों का मुख्य अतिथि एवं अतिथियों के कर कमलों से स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। कीर्ति पटेल, तमन्ना नायक, मिस्ठी पटेल, रोली नायक ने वार्षिक अधिवेशन में मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत दी।

इस मौकेप र मुख्य अतिथि सांसद ने ने क्षेत्र की सक्रियता की प्रशंसा करते हुए सामाजिक एकता बनाकर अघरिया समाज के उत्तरोत्तर विकास के लिए सतत कार्य करते रहने की अपील की। कार्यक्रम में समाज के नवनिर्वाचित जनपद सदस्य रोशन लाल पटेल, सरपंच श्याम बाई पटेल, भोजकुमारी पटेल, दुर्गादेवी पटेल, चंपा पटेल आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों को समाज के वरिष्ठ उपाध्यक्ष हेमसागर पटेल, कोषाध्यक्ष जीतराम पटेल, केंद्रीय प्रतिनिधि जयराम पटेल,नारायण चौधरी, देवा पटेल द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन नारायण चौधरी तथा आभार प्रदर्शन हेमसागर पटेल ने किया।

## खबर संक्षेप



### शहीद एएसपी गिरपुंजे को दी श्रद्धांजलि

**महासमुंद।** कोंटा डिविजन के एडिशनल एसपी आकाश राव गिरपुंजे के ऊपर नक्सलियों द्वारा किए गए कायरना बम बलास्ट में शहीद होने पर नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने घटना की घोर निंदा की और कहा कि उनका बलिदान व्यर्थ नही जाएगा। केंद्र और राज्य सरकार के नक्सली समाप्त आपरेशन और ज्यादा कठोर होगा। राठी ने कहा कि आकाश राव गिरपुंजे महासमुंद जिला में अपनी सेवाएं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के रूप में दी थी। वे एक जिंदादिल व्यक्तित्व के धनी थे। बड़े से बड़े मामलों को हंसते हुए सुलझाने में महारथ हासिल थी।

### राज्य खेल अलंकरण के लिए आवेदन 26 तक

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ शासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा प्रतिवर्ष खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, निर्णायकों को खेल पुरस्कार प्रदान कर राज्य खेल अलंकरण से सम्मानित किया जाता है। यह पुरस्कार राज्य के लिए उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, निर्णायकों को प्रदान किए जाते हैं। जिला कार्यालय व संचालनालय में राज्य खेल संघो से अनुशंसा सहित आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 26 जून 2025 कार्यालयीन समय तक निर्धारित की गई है। खिलाड़ी को एक से अधिक अलंकरण सम्मान हेतु पृथक-पृथक आवेदन प्रस्तुत करना होगा।




### खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**महासमुंद।** खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में स्वरोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना 2025-26 के अंतर्गत इच्छुक उद्यमियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। इस योजना में राईस मिल, दाल मिल, आटा, बेसन, मैदा निर्माण, मसाला निर्माण, बेकरी प्रोडक्ट्स, दूध एवं दुग्ध उत्पाद, पापड़, बड़ी, नमकीन, अचार, सॉस, जैम, जेली, शहद, गुड़, चॉकलेट, मिठाई एवं कन्फेक्शनरी जैसी सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण इकाइयां पात्र हैं। इस योजना के तहत नवीन इकाई की स्थापना एवं पूर्व स्थापित इकाई के विस्तार/उन्नयन को पात्रता दी जाएगी। इसके लिए आवेदक की न्यूनतम आयु 18 वर्ष होना अनिवार्य है। व्यक्तिगत सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों को परियोजना लागत का अधिकतम 35 प्रतिशत की दर से 'क्रेडिट लिंक्ड पूंजीगत अनुदान अधिकतम 10 लाख तक की पात्रता होगी। लाभार्थी का अंशदान परियोजना लागत का न्यूनतम 10 प्रतिशत अनिवार्य है, शेष राशि बैंक ऋण के माध्यम से आपूर्ति की जाएगी।

## चर्चा : सीइओ आलोक ने की विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा

# मोर गांव-मोर पानी अभियान की तैयारियों की ली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

जिला पंचायत सीईओ एस आलोक ने समय सीमा की बैठक लेकर विकसित कृषि संकल्प यात्रा एवं एकमुश्त चावल वितरण, एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान, मोर गांव मोर पानी अभियान की तैयारियों की समीक्षा की। बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में अपर कलेक्टर रवि साहू एवं रविराज ठाकुर अनुविभागीय अधिकारीगण एवं अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में सीईओ एस आलोक ने धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत शिविरों के सफल संचालन हेतु सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया है कि वे आपसी समन्वय के साथ अपने-अपने विकासखंडों के चयनित ग्रामों में शिविर आयोजन की विस्तृत कार्ययोजना तैयार करें। इसके साथ ही शिविरों की तिथि वार सूची, लाभार्थी प्रगति विवरण व पालन प्रतिवेदन को भी समय पर उच्च कार्यालय को प्रेषित करना सुनिश्चित करें। जिले में 15 जून से 30 तक शिविरों के माध्यम से विशेष जनजाति परिवारों को लाभान्वित किया जाएगा। इसके लिए जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देश दिए गए। पीएम जनमन योजना के तहत पात्र हितग्राहियों का आधार कार्ड, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, श्रम कार्ड, जॉब कार्ड एवं केसीसी कार्ड बनाने के निर्देश दिए गए। 21 जून अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर तैयारी के लिए विशेष निर्देश समाज कल्याण विभाग को दिए गए हैं। इस वर्ष योग संगम एवं हरित योग थीम पर योग दिवस मनाया जाएगा। साथ ही इसे योग सप्ताह के रूप में इसे मनाया जाएगा। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा जारी स्थानांतरण नीति अंतर्गत जिले के तृतीय एवं चतुर्थ वर्ग कर्मचारियों के स्थानांतरण के लिए निर्धारित तिथि 09 से 12 जून तक आवेदन लेने सभी प्रभारी अधिकारी को निर्देश दिए हैं।

विकसित कृषि संकल्प अभियान की समीक्षा की गई। कृषि उप संचालक ने बताया कि 12 जून को अभियान का अंतिम दिवस है। अभी तक 66 ग्राम पंचायतों में 66 शिविर लगाए गए। सीईओ एस आलोक ने जून माह में चावल का एकमुश्त वितरण प्रक्रिया पर खाद्य, राजस्व और सहकारिता विभाग के अधिकारियों को सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा कि 30 जून तक 3 माह (जून, जुलाई एवं अगस्त) का चावल वितरण की कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि भंडारण के लिए अनुविभागीय अधिकारी विशेष ध्यान दें एवं सुरक्षित स्थानों का चयन करके समुचित भंडारण करें। साथ ही राशन कार्ड नवीनीकरण के लिए विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए गए।




### पत्र भेज कर विभाग से मंगवाए पौधे

एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि जिन विभागों ने अभी तक मांग पत्र नहीं भेजा है वे आज ही मांग पत्र भेजकर वन विभाग से पेड़ मंगवाए और उसका रोपण सुनिश्चित करें। यह अभियान 5 जून से 30 सितंबर तक चलेगा, जिसके अंतर्गत स्कूल, आंगनबाड़ी, पंचायत भवन, अमृत सरोवर, तालाबों, प्रधानमंत्री आवासों के आसपास एवं माइनिंग क्षेत्रों में फलदार पौधे लगाया जाना है। ग्रामीण क्षेत्रों में जल संचयन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मोर गांव मोर पानी अभियान के अंतर्गत सभी जनपदों के तकनीकी सहायकों को कम से कम 25 जल संरचनाओं के निर्माण का प्रस्ताव देने के निर्देश दिए गए एवं सोख्ता गड्ढा निर्माण की समीक्षा की गई। जनभागीदारी की सहायता से सभी प्रधानमंत्री आवास, आंगनवाड़ी, स्वास्थ्य केन्द्रां, पंचायतों, छात्रावासों और स्कूलों में सोख्ता गड्ढा अनिवार्य रूप से बनाने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान उन्होंने राजस्व विभाग, स्वामित्व योजना, लोक सेवा गारंटी अधिनियम की समीक्षा की। साथ ही बैठक में पीएम आवास, नशामुक्ति अभियान, टीबी मुक्त अभियान, उल्लास कार्यक्रम आदि की समीक्षा की गई।

## सीसी रोड निर्माण के लिए नपाध्यक्ष ने किया भूमिपूजन



**महासमुंद।** स्थानीय वार्ड 27 स्थित जगत विहार कॉलोनी में सीसी रोड निर्माण के लिए नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने पालिका के सभापति, पार्षदों तथा नागरिकों की उपस्थिति विधिवत भूमिपूजन किया। भूमिपूजन कर अध्यक्ष साहू ने कहा कि शहर के नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना मेरी पहली प्राथमिकता है। पालिका क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में हाई मास्ट लाइट, नाली, सड़क निर्माण तथा पेयजल व्यवस्था को सुव्यवस्थित रूप से संचालित कार्य करने की दिशा में कार्य हो रहा है। आज इस वार्ड में सीसी रोड निर्माण से स्थानीय नागरिकों को बेहतर आवागमन की सुविधा उपलब्ध होगी। हमारा प्रयास शहर को विकास की दिशा में अग्रसर करना है। इस अवसर पर वार्ड पार्षद गुलशन साहू, पार्षद धनेंद्र चंद्राकर, पार्षद नीरज चंद्राकर, रिंकू चंद्राकर एवं वार्डवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## सहायता प्रदान



**महासमुंद।** हाल ही में एक हृदयविदारक सड़क दुर्घटना में महासमुंद विकासखंड के उच्च प्राथमिक शाला परसाडीह के शिक्षक सुजीत कुमार मन्नाडे का असमय निधन हो गया। इस दुखद घटना से शिक्षा परिवार शोकाकुल है। स्वर्गीय मन्नाडे की पत्नी निर्मला मन्नाडे को शासन की संवेदनशील योजनाओं के अंतर्गत पचास हजार रुपए की अनुग्रह सहायता राशि प्रदान की गई। यह राशि आज उनके निवास पर पहुंचकर जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी लीलाधर सिन्हा द्वारा सौंपा गया। इस अवसर पर संकुल समन्वयक निर्वाण दास मानिकपुरी, सहदेव राम ध्रुव एवं प्रधान पाठक रीना वासनिक भी उपस्थित रहे।

# महतारी वंदन योजना की राशि का नहीं हो रहा नियमित भुगतान:निखिलकांत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद



- नियमित राशि भुगतान व नए पंजीयन के लिए पोर्टल शुरू करने की मांग

नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने महतारी वंदन योजना के तहत पात्र महिलाओं के खाते में प्रत्येक माह नियमित राशि प्रदान करने तथा नवविवाहिताओं को भी योजना का लाभ प्रदान करने शीघ्र पोर्टल शुरू करने की मांग शासन से की है। नपाध्यक्ष साहू ने बताया कि यह जानकारी मिल रही है कि विगत 3 माह से अनेक हितग्राहियों को राशि नहीं मिल पाई है। शहर के अनेक माताओं-बहनों ने उन्हें बताया है कि उनके बैंक खाते में महतारी वंदन की राशि 2-3 माह से नहीं आई है, जिससे उन्हें बार-बार बैंकों का चक्कर लगाना पड़ रहा है। साहू ने कहा कि नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव के बाद से प्रदेश में आधे से अधिक माताओं-बहनों के बैंक खाते में महतारी वंदन योजना की राशि आना बंद हो गया है। पोर्टल शुरू नहीं होने से नए हितग्राही तो लाभ से वंचित हैं ही, साथ ही बड़ी संख्या में महिलाओं को अपात्र बताकर उनका नाम लाभार्थी सूची से लगातार हटाया जा रहा है। सुशासन तिहार के दौरान भी लगभग सभी जिलों में महतारी वंदन योजना में लाभ के लिए नाम जुड़वाने बड़ी संख्या में माताओं-बहनों ने आवेदन किये हैं। साथ ही अनेक महिलाओं ने राशि आना बंद होने की शिकायत भी की। लेकिन, इस दिशा में कोई सकारात्मक पहल नहीं हो पा रहा है। नपाध्यक्ष साहू ने कहा कि सरकार दावा करती है कि प्रदेश के 70 लाख से अधिक महिलाओं को इस योजना का लाभ मिल रहा है। यह दावा वर्तमान में जो स्थिति है, कोरा साबित हो रहा है। अनेक महिलाएं ऐसे हैं जिनके बैंक खाते में शुरू-शुरू के दो-चार महीने के बाद राशि आना ही बंद हो गया। वहीं, पेंशन धारी बुजुर्ग, विधवा पेंशन, परित्यक्ता पेंशन धारी महिलाओं को 500 रुपए काटकर राशि दिया जा रहा। जो इन निराश्रितों के साथ अन्याय है। विधवा, पेंशनधारी बुजुर्ग, निराश्रित, परित्यक्ता महिलाओं को इस राशि की और अधिक आवश्यकता है। नियमतः इन्हें 1000 रुपए महतारी वंदन योजना के तहत तथा 500 रुपए निराश्रित पेंशन मिलाकर 1500 रुपए प्रदान करना चाहिए। लेकिन, सरकार के बनाए नियम महिलाओं के हक के आड़े आ रहा है। साहू ने शासन ने मांग की है कि गत 2-3 माह से अप्राप्त राशि को शीघ्र प्रदान कर नए पंजीयन के लिए पोर्टल भी जल्द से जल्द शुरू हो ताकि, समस्त पात्र हितग्राही को योजना का समुचित लाभ मिल सके।

# महासमुंद से तुमगांव रोड चौड़ीकरण के नाम पर काटे जा रहे हरे-भरे पौधे: रश्मि चंद्राकर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद



कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा कि कुछ दिन पूर्व विश्व पर्यावरण दिवस पर एक ओर जगह-जगह पौधरोपण किए जा रहे थे, एक पौधों के साथ दर्जनों लोग सेल्फी और फोटो भी खींच रहे थे और कह रहे थे एक पेड़ मां के नाम। इस बीच महासमुंद जिले में तुमगांव से महासमुंद तक रोड चौड़ीकरण जो हो रही है, उसमे सालों पुराने हरे-भरे वृक्षों को काटा जा रहा हैं। कुछ बुजुर्गों ने जिन्होंने इन पेड़ों में से कुछ को अपने सामने छोटे से बड़ा होता देखा था, उन्हीं के सामने जब इन पेड़ों को काटा जा रहा था तो वे सिर्फ इन पेड़ों को सिर्फ कटता हुआ ही देख सकते थे। इस मार्ग में छोटे-बड़े हरे-भरे वृक्षों को जड़ से काटकर अलग किया जा रहा है और अभी भी बचे पेड़ों की कटाई जारी है। शहर में सड़क किनारे लगे पेड़ न केवल हरियाली के लिए जरूरी थे, बल्कि गर्मी के दिनों में ये पेड़ राहगीरों के लिए दो पल आराम देने का भी काम करते थे। यदि पेड़ों को हटाना ही एकमात्र विकल्प था तो इन पेड़ों की अन्यत्र शिफ्टिंग की प्रक्रिया की जा सकती थी।

मौजूदा समय मंड महासमुंद में पेड़ों की कटाई को लेकर महासमुंद कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर कहते हैं किपेड़ों को शिफ्टिंग करने को लेकर भाजपा सरकार को पहल करना चाहिए। साय सरकार को इसे गंभीरता से लेना होगा और महासमुंद ही क्यों, पूरे छत्तीसगढ़ में पेड़ों को शिफ्टिंग किया जा सकता है। पेड़ों को काटने की जरूरत ही नहीं है, शासन पेड़ों को शिफ्टिंग करने को लेकर टेंडर निकाले और इस तकनीक को बढ़ावा दे। इसका विरोध भी नहीं होगा और पर्यावरण को नुकसान भी नहीं पहुंचेगा। दुनियाभर में ग्लोबल वार्मिंग के बढ़ने का एक बड़ा कारण सरकार विकास के नाम से बड़े पैमाने पर जंगलों का कटाव करवा रहा है। इसके चलते वायुमंडल में कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा में वृद्धि हो रही है और ग्लोबल वार्मिंग का प्रभाव और भी ज्यादा बढ़ रहा है। इस वजह से कई ऐसी जगहों पर भी सूखा पड़ रहा है, जहां कभी हरियाली हुआ करती थी और वहां पर भी पेड़ खत्म हो रहे हैं। जब से भाजपा सरकार प्रदेश में आई है हसदेव जंगल की कटाई अंधाधुंध हो रही हैं और हसदेव की तरह ही महासमुंद जिले में भी पेड़ों की कटाई हो रही है।

### खूबचंद बघेल कृषक रत्न पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित

**महासमुंद।** कृषि विभाग द्वारा राज्य के उत्कृष्ट कृषकों को सम्मानित करने के लिए डॉ. खूबचंद बघेल कृषक रत्न पुरस्कार वर्ष 2025 के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह पुरस्कार कृषि क्षेत्र में नवाचार, उत्पादन वृद्धि एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कृषकों को प्रदान किया जाता है। आवेदन पत्र जिले के उप संचालक कृषि कार्यालय एवं विकासखंडों के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय से निःशुल्क प्राप्त किए जा सकते हैं। साथ ही, कृषि विभाग की वेबसाइट **www.agriportal.cg.nic.in** पर भी यह प्रपत्र उपलब्ध है। निर्धारित प्रारूप में पूर्ण रूप से भरे आवेदन 31 जुलाई 2025 तक संबंधित कार्यालयों में जमा किया जा सकता है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त होने वाले आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए कृषि विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध दिशा-निर्देशों का अवलोकन कर सकते हैं।

## कबीर जयंती पर हुआ संत कबीर की वाणी: समकालीन प्रासंगिकता के संदर्भ में केंद्रित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

# कबीर का साहित्य पके आंवला सा सुस्वादु है: अनुसुइया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

राष्ट्रीय शिक्षक संचेतना उज्जैन द्वारा कबीर जयंती पर संत कबीर की वाणीः समकालीन प्रासंगिकता के संदर्भ में पर केंद्रित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय महासमुंद के प्राचार्य प्रो डॉ अनुसुइया अग्रवाल शामिल हुई। आयोजन की अध्यक्षता वरिष्ठ शिक्षाविद प्रो ब्रजकिशोर शर्मा एवं कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ सोमदत्त काशीनाथ मॉरीशस ने की।

विशिष्ट वक्ता के रूप में अपने विचार व्यक्त करते हुए प्राचार्य अनुसुइया ने कहा कि पके आंवला को चखिए, बड़ा कसैला लगेगा। उसके बाद पानी पीजिए तो पानी मीठा लगेगा। कबीर का साहित्य भी वैसा ही समर्थ साहित्य है, जिसे पढ़ने पर पहले तो गहरा विषाद होता है पर पढ़ते-पढ़ते जैसे-जैसे जीवन सामने से गुजरता है, उस जीवन गीत के विषाद रस में कसैलापन खोता जाता है। जीवन के इन तीखे अनुभव को कबीर के साहित्य में बखूबी महसूस किया जा सकता है। उन्होंने आगे कहा कि आज हम हिंदू मुस्लिम एकता जैसे श्रेष्ठ आचरण को समाज में साकार देखना चाहते हैं। किंतु, यह सार्थक प्रयास तो मध्य युग में महात्मा कबीर ने पहले ही कर दिया है। उनका संदेश मानवता के लिए था। उन्होंने आजीवन मानवता के लिए ही संघर्ष किया।

दक्षा जोशी, अहमदाबाद, ओस्लो नॉर्वे से सुरेश चंद्र शुक्ल शरद आलोक, मोहनलाल वर्मा जयपुर, डॉ. प्रभु चौधरी आदि ने विचार व्यक्त किए मुख्य वक्ता विक्रम विश्वविद्यालय के कुलानुशासक एवं हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो शैलेंद्रकुमार शर्मा ने कहा कि संत कबीर की वाणी, लोक वाणी है। उनकी मान्यता है कि समाज में बदलाव तभी होगा, सभी के अन्दर के राम की पहचान होगी। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डा दक्षा जोशी ने कहा कि संत कबीर शास्त्र ज्ञान की परम्परा से मुक्त होने के बाद भी अपनी वाणी द्वारा समाज में बदलाव लाने में सफल रहे। उन्होंने प्रेम के ढाई अक्षर से संपूर्ण समाज को भाईचारे का पाठ पढ़ाया। मॉरीशस के शिक्षाविद डॉ सोमदत्त काशीनाथ ने कहा कि दुनिया में जहाँ जहां भारतवंशी गए हैं वहां तक कबीर वाणी पहुंची है। अध्यक्षता करते हुए शिक्षाविद संरक्षक प्रो ब्रजकिशोर शर्मा ने कहा कि रविंद्रनाथ ठाकुर ने विश्व साहित्य को एक महान कवि के रूप में कबीर दास से परिचित कराया था। कबीर क्रांतिकारी कवि थे, वे किसी भी प्रकार के विरोध करने से नहीं डरते थे।



राष्ट्रीय संयोजक पदमचंद गांधी जयपुर ने कबीर की साखियों का उल्लेख करते हुए कहा कि यह शरीर नश्वर है, जिस पर गर्व करना उचित नहीं है। सुषमा पुणे महाराष्ट्र ने कहा से संत कबीर महान समाज सुधारक थे। आयोजन की शुरुआत सरस्वती वन्दना श्वेता मिश्रा बरेली ने की। डॉ. अरुणा शुक्ला इंदौर ने संत कबीर के दोहे प्रस्तुत किए। प्रदेश महाराष्ट्र संयोजक डॉ. मुमताज पठान ने स्वागत भाषण तथा प्रस्तावना में संत कबीर के व्यापक प्रभाव की चर्चा की। इस आयोजन में विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल डॉ हरिसिंह पाल, नागरी लिपि परिषद दिल्ली, ममता सक्सेना, डॉ अरुणा शुक्ला, रीना गोरखपुर, सुवर्णा जाधव पुणे, डॉ अनिता तिवारी विजयलक्ष्मी, शहनाज शेख नांदेड़, भरत दवे, सविता वास्तव, सरोज दवे सवि, सोनू कुमार पटना आदि उपस्थित थे। संचालन श्वेता मिश्रा बरेली एवं संस्था के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री डॉ प्रभु चौधरी ने आभार प्रदर्शन किया।

APPOINTMENT
The Time is Now, To RISE with Mahindra
SPORT UTILITY VEHICLES
• SALES
SALES CONSULTANT - 15 Post
Location
Baloda Bazar - 05 Post
Bhatapara - 02 Post
Kasdol - 02 Post
Lawan - 02 Post
Kharora - 02 Post
Palari - 02 Post
SALARY NO BAR FOR RIGHT CANDIDATES
Walk-in-interview on 12.06.2025 | Time: 10.30 am to 5pm
RALAS MOTORS Vill.- Limahi, Raipur Road, Baloda Bazar
E-Mail: hr@ralasmotors.com
9644403313
9644403303

## खबर संक्षेप

### फॉरेस्ट प्रीमियर लीग का फाइनल मुकाबला 13 को

**महासमुंद।** फॉरेस्ट प्रीमियर लीग का फाइनल मुकाबला 13 जून को होगा। जेनेसिस वर्सेस नम्रता स्ट्राइकर्स के बीच खिताबी भिड़ंत होगी। आज हुए सेमीफाइनल मुकाबले में नम्रता स्ट्राइकर्स ने कृष्णा वारियर्स को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। इस मुकाबले में कृष्णा वारियर्स ने निर्धारित दस ओवरों में 127 रन बनाए और नम्रता स्ट्राइकर्स को जीत के लिए 128 रनों का लक्ष्य दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी नम्रता स्ट्राइकर्स की टीम के ओपनर बल्लेबाजों ने पावर प्ले के शुरुआती दो ओवरों में शानदार बल्लेबाजी करते हुए मजबूत शुरुआत दी। नम्रता स्ट्राइकर्स के कप्तान लखन यादव ने 57 रनों का योगदान दिया। नम्रता स्ट्राइकर्स ने महज तीन विकेट के नुकसान में 9 वें ओवर में ही निर्धारित लक्ष्य को पूरा कर फाइनल में प्रवेश किया।

### खरोरा में पांच घंटे का दुर्गा चालीसा पाठ



**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में भगवती मानव कल्याण संगठन के तत्वाधान में मंगलवार को पांच घंटे का दुर्गा चालीसा पाठ किया गया। जहां शक्तिपुत्र महाराज के निर्देश पर मां दुर्गा की महाआरती एवं जयकारे लगाकर महाआरती की गई। भगवती मानव कल्याण संगठन के टीम प्रमुख रंजीत चंद्राकर ने बताया कि समाज को नई दिशा दे रहे हैं। नशामुक्त मांसाहार मुक्त व चरित्रवान जीवन जीने की प्रेरणा देते हुए सदमार्ग पर समाज को बढ़ा रहे हैं। दुर्गा चालीसा का पाठ करने से सभी सुख शांति प्राप्त होते हैं। पांच घंटे अखंड दुर्गा चालीसा पाठ में ग्रामवासी शामिल हुई।

### खरोरा के लोगों को मिल रहा तीन माह का चावल



**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ में एक जून से 2025 तक चावल उत्सव मनाया जा रहा है। इस उत्सव के दौरान प्रदेश के 81 लाख से अधिक राशनकार्डधारी परिवारों को जून, जुलाई और अगस्त इन तीनों महीने का चावल एकमुश्त वितरित किया जा रहे हैं। ग्राम खरोरा के वार्ड नंबर 3 के पंच त्रिवेणी चंद्राकर ने कहा कि राज्य शासन ने प्रदेश के 13928 उचित मूल्य दुकानों को चावल का आबंटन जारी कर दिया है। सभी दुकानों में चावल का भंडारण का काम तेजी से जारी है। ताकि, वितरण में किसी प्रकार की बाधा न आए। अफसरों का कहना है कि इस पहल से दूरस्थ और ग्रामीण अंचलों तक समय पर खाद्य उपलब्धता सुनिश्चित किया गया है।

### जिला फिटनेस मेडिकल बोर्ड 13 जून को

**महासमुंद।** कबीर जयंती पर बुधवार 11 जून 2025 को राज्य शासन द्वारा सार्वजनिक, सामान्य अवकाश घोषित किया गया है। संयुक्त संचालक सह अस्पताल अधीक्षक शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध चिकित्सालय ने बताया कि अवकाश के कारण बुधवार 11 जून को चिकित्सालय में आयोजित होने वाले जिला दिव्यांग मेडिकल बोर्ड को शुक्रवार 13 जून को आयोजित होने वाले जिला फिटनेस मेडिकल बोर्ड के साथ समेकित रूप से आयोजित किया जाएगा।

### परामर्शदात्री समिति की बैठक 13 को

**महासमुंद।** जिला स्तरीय संयुक्त परामर्शदात्री समिति की बैठक 13 जून 2025 को दोपहर 12 बजे जिला कार्यालय महासमुंद के सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। जिसमें विभिन्न कर्मचारी संघों के पदाधिकारी एवं संबंधित विभागों के अधिकारीगण सम्मिलित होंगे। बैठक में कर्मचारियों से संबंधित नवीन विषयों पर विचार-विमर्श कर त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा। कर्मचारी संघों द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों एवं मांगों पर चर्चा की जाएगी तथा आवश्यक दिशा-निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए जाएंगे। जिला प्रशासन द्वारा संबंधित अधिकारियों एवं संघ प्रतिनिधियों से निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होने के निर्देश दिए गए है।

# जिले में चलेगा वृहद पौधारोपण अभियान, 2 लाख पौधों का होगा रोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

कलेक्टर दीपक सोनी ने मंगलवार को समय सीमा की बैठक में विभागीय कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने आगामी बरसात के मौसम में वृहद पौधारोपण अभियान में 2 लाख पौधारोपण के लिए कार्ययोजना बनाने के निर्देश अधिकारियों को दिये।

कलेक्टर ने कहा कि जिले में हरित आवरण को बढ़ावा देने के लिए वृहद पैमाने पर पौधारोपण करने वन विभाग, उद्यानिकी विभाग एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग कार्ययोजना तैयार करें। उन्होंने कहा कि ब्लॉक प्लांटेशन के तहत ग्राम पंचायतों, आंगनबाड़ी केंद्रों, स्कूलों, सहकारी समितियों तथा मण्डी परिसर में पौधारोपण कराएं। इसके साथ ही एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत भी पौधारोपण के लिए योजना बनाएं।

उन्होंने राजस्व न्यायलय के साथ ही मैदानी कार्यों को भी तत्परता से पूरा करने तहसीलदारों को निर्देशित किया। इसके साथ ही आरबीसी 6-4, भू - अर्जन, रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, किसानों को खाद -बीज़ की उपलब्धता, सीपी ग्राम्स, पीजएन का लंबित आवेदन की समीक्षा की गई।

बैठक में सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, अपर कलेक्टर मिथलेश डोंडे सहित एसडीएम, तहसीलदार, जनपद सीईओ एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

## जिले में लगभग 500 हेक्टेयर क्षेत्र में पॉम ट्री रोपण का है लक्ष्य

### बारिश से पहले सीमांकन व बटांकन कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये

कलेक्टर ने राजस्व विभाग अंतर्गत राजस्व प्रकारणों की समीक्षा करते हुए 1 वर्ष से लंबित प्रकरणों का निराकरण में तेजी लाने तथा बारिश से पहले सीमांकन व बटांकन कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये।



### पॉम ट्री लगाने वाले किसानों को बाई-बैक की सुविधा मिलेगी

कलेक्टर सोनी ने बताया कि नेशनल मिशन फॉर इडिबल आयल पॉम अंतर्गत बलौदाबाजार -भाटापारा जिले का चयन हुआ है। इसके तहत जिले में लगभग 500 हेक्टेयर क्षेत्र में पॉम ट्री का रोपण का लक्ष्य है। उन्होंने उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों को उन्नत किसानों का चयन करने और अभियान की जानकारी देते हुए पॉम ट्री लगाने हेतु प्रोत्साहित करने कहा। इस अभियान के तहत पॉम ट्री लगाने वाले किसानों को बाई-बैक की सुविधा मिलेगी। इसके साथ ही फसल परिवर्तन चक्र में भी मददगार होगा।

## आयोजन : स्पोर्ट्स स्टेडियम में मल्टी एक्टिविटी समर कैम्प सम्पन्न

# सीखने और हुनर निखारने का बेहतर मंच है समर कैम्प : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार




जिला स्पोर्ट्स एसोसिशन द्वारा आयोजित मल्टी एक्टिविटी समर कैम्प का समापन कार्यक्रम मंगलवार को इंडोर स्पोर्ट्स स्टेडियम में हुआ। कलेक्टर दीपक सोनी एवं पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर समर कैम्प के दौरान विभिन्न खेलों में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

कलेक्टर दीपक सोनी ने कहा कि समर कैम्प में छुट्टी का सदुपयोग तो होता ही है, बल्कि यह बच्चों को सीखने और अपने हुनर को तराशने का मंच भी देता है। कैम्प में आयोजित होने वाले विभिन्न खेल एवं अन्य गतिविधियों में मेंटर की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। मेंटर हमेशा आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। पढ़ाई के साथ -साथ खेल कूद भी जरुरी है, लेकिन पढ़ाई के समय पूरा ध्यान पढ़ाई में ही हो। सोशल मीडिया से दूर रहे, पढ़ाई के लिए उपयोग कर सकते हैं।

पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता ने कहा कि जिले में कई समर कैम्प का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों को निःशुल्क सीखने का अवसर मिला। बच्चों के लिए सिखने का यह एक आदर्श उम्र है, जिसमें अपने हुनर को निखार सकते हैं। उन्होंने कहा कि बैडमिंटन में आगे बढ़ने का अच्छा स्कोप है। देश के नामी खिलाड़ियों के खेल को देखे और अपना आदर्श मानते हुए आगे बढ़ने की प्रेरणा लें।

इस अवसर पर प्राचार्य वंदनी श्रीवास्तव, वरिष्ठ खेल अधिकारी प्रीति बंछोर, बलौदाबाजार स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष नीरज बाजपेयी, बैडमिंटन एसोसिएशन के अध्यक्ष नितेश शर्मा सहित अन्य अधिकारी एवं बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे उपस्थित थे।

# दस दिवसीय ग्राम भारती नवीन आचार्य प्रशिक्षण जारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

नगर के सरस्वती शिशु मंदिर प्रांगन में प्रशिक्षण वर्ग के छठवें दिन समस्त शिक्षार्थियों को देव दर्शन कार्यक्रम के तहत पलारी नगर प्रतिष्ठित सिद्धेश्वर महादेव मंदिर के दर्शन हेतु ले जाया गया। रायपुर जिले से आए हुए प्रशिक्षार्थियों के लिए यह रोमांचक था। इस प्राचीन मंदिर की कला और भव्यता को देखकर सभी प्रफुल्लित हुए। कालखंड में आज पांच आधार भूत विषय के बारे में शांतिराम साहू ने बताया कि यह जो पांच आधारभूत विषय शारीरिक, योग, संस्कृत, संगीत और नैतिक एवं आध्यात्मिक यह पांच कोष के जागृति के लिए है। पांच कोष अन्नमयकोश, प्राणायाम कोश, मनोमय कोश, विज्ञानमय कोश और आनंदमय कोश को प्रभावित करता है। मनुष्य ये पंच कोश दुरूस्त रहता है, तो उसका सर्वांगीण विकास निश्चित है। अगली कक्षा में समूह में बांटकर बच्चों को दिए जाने वाले गृहकार्य के विषय में बताया गया कि गृहकार्य का क्या महत्व है, कितना दिया जाय और मूल्यांकन कैसे किया जाए। जिला प्रमुख तोलाराम यादव ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के विषय आईटीसीटी के विषय में जानकारी दी। आज का युग तकनीकी युग है, अब बच्चों को केवल स्लेट पेंसिल से ही शिक्षा देना पर्याप्त नहीं है, अपितु तकनीकी जानकारी जैसे कंप्यूटर, प्रोजेक्टर आदि की जानकारी देना आवश्यक है। इसके लिए हमें स्वयं को सीखना होगा, इसमें रुचि लेना जरूरी होगा। इस वर्ग में मुकेश कुमार साहू, नीलकंठ, टीकाराम, पूनाराम आदि प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

## दुर्घटना में घायल हुए कपड़ा व्यवसायी की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

बागबाहरा-झलप मार्ग में कॉलेज के पास तेज रफ्तार बाइक की चपेट में घायल हुए बागबाहरा के कपड़ा व्यवसायी सतबीर सिंह छाबड़ा (46) का अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना में बाइक में सवार दो लोग भी जख्मी हुए हैं। जिनका उपचार जारी है।

जानकारी के अनुसार रविवार रात लगभग 10 बजे सतबीर छाबड़ा बागबाहरा से आ रहे अपने परिजन का इंतजार कर रहे थे। उसी समय लघुशंका के लिए वे सड़क किनारे गए। वापस आते समय बागबाहरा की ओर से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। दुर्घटना के बाद उन्हें शासकीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। लेकिन, उपचार के दौरान सतवीर सिंह छाबड़ा का निधन हो गया। वहीं बाइक चालक ग्राम सुखरीडबरी निवासी लेखराम दीवान (50) एवं दुर्गा प्रसाद दीवान (45) का अस्पताल में उपचार चल रहा है। पुलिस ने बीएनएस की धारा 281, 125, 106 के तहत चालक लेखराम के विरूद्ध मामला पंजीकृत कर विवेचना में ले लिया है।

## रेडी टू ईट आपूर्ति के लिए दावा आपत्ति 18 तक

**बलौदाबाजार।** जिले में महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत रेडी टू ईट एवं फोर्टिफाईड आटा का निर्माण एवं आपूर्ति करने के लिए प्राप्त आवेदनों का मूल्यांकन करते हुए प्रावधिक सूची जारी की गई है। सूची में दावा आपत्ति करना हो तो 18 जून तक कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला-बलौदाबाजार में डाक या कोरियर के माध्यम से निर्धारित तिथि एवं समय में प्रस्तुत कर सकते हैं।

## डिप्लोमा इंजीनियरिंग में प्रवेश के लिए आनलाइन आवेदन आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

छत्तीसगढ़ राज्य में स्थित तकनीकी शिक्षा संस्थाओं द्वारा संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु ऑनलाइन कॉउसिलिंग की सूचना जारी की गई है, जिसमें डिप्लोमा एवं डिप्लोमा इंजीनिरिंग लेटरल पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु ऑनलाइन कॉउसिलिंग की प्रक्रिया तीन चरणों में निर्धारित की गई है।

प्रथम चरण की पंजीयन 11 से 15 जून तक, मेरिट सूची 17 जून, दावा आपत्ति के लिए 18 जून, सीट आबंटन 20 जून एवं प्रवेश 21 से 24 जून तक निर्धारित है। द्

वितीय चरण हेतु पंजीयन 28 से 29 जून तक, मेरिट सूची जारी 1 जुलाई, दावा आपत्ति के लिए 2 जुलाई, सीट आबंटन 4 जुलाई एवं प्रवेश 5 जुलाई से 8 जुलाई तक निर्धारित है। इसी तरह तृतीय चरण हेतु पंजीयन 10 जुलाई से 13 जुलाई तक, मेरिट सूची जारी 15 जुलाई, दावा आपत्ति के लिए 16 जुलाई, सीट आबंटन 18 जुलाई एवं प्रवेश दिनांक 19 जुलाई से 22 जुलाई तक निर्धारित है।

## महादेव मंदिर के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुंडा



बलौदा बाजार के इंदिरा कॉलोनी में परगिया कुर्मी छात्रावास भवन में सोमवार को महादेव मंदिर की उपरोहित अनूप पांडे द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना कर महादेव मंदिर की कलश स्थापना की गई। इसके पश्चात छत्तीसगढ़ परगिया कुर्मी क्षत्रिय समाज लवन राज के पूर्व अध्यक्ष रामाअवतार वर्मा व उनके सभी पदाधिकारियों ने समाज सेवा के लिए कार्य किया। इसके लिए समाज द्वारा पुष्प माला व शाल से उन्हें सम्मानित किया और अंतिम विदाई दी।

छत्तीसगढ़ परगिया कुर्मी क्षत्रिय समाज लवन राज के नवनिर्वाचित अध्यक्ष नरेंद्र कुमार वर्मा को प्रधान पाठक चूड़ामणि वर्मा द्वारा समाज के प्रति समर्पित व सत्य निष्ठा से काम करने की शपथ दिलायी। साथ में नवनिर्वाचित सभी पदाधिकारी उपाध्यक्ष लहाराम वर्मा, कोषाध्यक्ष हलधर प्रसाद वर्मा, संरक्षक गिरवर प्रसाद वर्मा, सचिव जीवराखन वर्मा, सह सचिव नंदराम वर्मा, लोकपाल परस वर्मा, धरम वर्मा, परमानंद वर्मा, रघु वर्मा, देव प्रसाद वर्मा, ऑडिटर पापू राम वर्मा, यावत वर्मा, मीडिया प्रभारी सुमेर वर्मा, विशेष सलाहकार कोमल प्रसाद वर्मा, राम अवतार वर्मा, ताराचंद वर्मा, कार्यकारिणी सदस्य अशोक वर्मा, महेश वर्मा, लोमस वर्मा, चंद्र विष्णु वर्मा, बलराम वर्मा, गणपत मुन्नालाल, ओमप्रकाश, शिवकुमार, मनबोध, घनश्याम, परमेश्वर सहित समाज के लोग सम्मिलित हुए।

## नवनिर्मित मंदिर में सपरिवार विराजमान हुए भोलेनाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

ग्राम सोनपुरी में सैकड़ों वर्ष पूर्व स्थापित बाबा भुतेश्वर नाथ मंदिर का जीर्णोद्धार समिति के सदस्यों की देखरेख और नगरवासियों के सहयोग से पूरा हुआ। जहां अब बाबा भुतेश्वर नाथ सपरिवार विराजमान हो गये हैं। साथ ही मंदिर में भगवान राम का दरबार भी लग चुका है।

**मनोकामना होती है पूर्ण:** सोनपुरी स्थित यह मंदिर लोगों के आस्था का केंद्र सैकड़ों वर्षों से रहा है, जहां भोलेनाथ के शरण में आने से लोगों की मनोकामना पूर्ण होती है। बताया जाता है कि सैकड़ों वर्ष पूर्व इस मंदिर की स्थापना हुई थी, जो पर्याप्त देखरेख के अभाव में जर्जर हो रहा था, जिसे देखते हुए बाबा भुतेश्वर नाथ के भक्तों ने समिति का गठन किया और नगरवासियों तथा ग्रामीणों के सहयोग से मंदिर का नवनिर्माण किया।



### वैदिक मंत्रों के साथ विराजमान हुए भुतेश्वर नाथ

नवनिर्मित मंदिर में भगवान भुतेश्वर नाथ सपरिवार विराजमान हो गये हैं। इसके पूर्व विद्वान आचार्यगणों द्वारा प्राचीन मंदिर से पूरे विधिविधान से मंत्रोच्चारण के साथ उन्हें नये मंदिर लाया गया और विराजित किया गया। इसके साथ ही भगवान राम के दरबार को भी यहां स्थापित किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित रहे। मंदिर समिति ने सभी सहयोगी नगरवासियों ग्रामीणजनों का धन्यवाद दिया और आगे भी सहयोग की अपेक्षा की।

## नगर पालिका का दर्जा जल्द दिलाने रखी मांग

# नप दल ने की गौरीशंकर से मुलाकात, कई मुद्दों पर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

नगरीय निकाय चुनाव में नगर पंचायत कसडोल की जनता ने कांग्रेस मुक्त कर इतिहास कायम किया था, जिस पर 12 पार्षद भाजपा तो 3 निर्दलीयों ने जीत हासिल की, लेकिन शपथ के दौरान पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल के नेतृत्व में 3 निर्दलीय पार्षदों ने भाजपा में शामिल होकर एक आयाम गढ़ा। इसके बाद नपा के जनप्रतिनिधियों ने विकास के लिए कमर कश ली है।

जनता ने इस बार युवा चेहरों पर विश्वास कर जनप्रतिनिधि चुना है। यही कारण है कि कसडोल का अधिकाधिक विकास करना उनकी पहली प्राथमिकता है। मंगलवार को नपा कसडोल के अध्यक्ष नागेश्वर साहू, उपाध्यक्ष सुदीप मानिकपुरी सहित पार्षदों ने पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल से मुलाकात कर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। साथ ही नगर पंचायत कसडोल को नगर पालिका का दर्जा दिलाने की मांग की। उल्लेखनीय है कि नगर पंचायत को नगर पालिका बनाने काफी समय से चल रहा है, जिसकी कागजी कार्रवाई लगभग पूर्ण हो चुकी है, लेकिन चुनाव और अन्य कारणों से नगर पालिका का दर्जा अभी तक नहीं मिल सका है, मुलाकात के बाद अग्रवाल ने जल्द ही अमल होने की बात जनप्रतिनिधियों से कही। इसके अलावा तालाब सौन्दर्यीकरण, सीसी सड़क, बिजली व्यवस्था सहित अन्य विकास कार्यों की मांग की गई। मुलाकात के दौरान अध्यक्ष नागेश्वर साहू, उपाध्यक्ष सुदीप मानिकपुरी, सभापति अजय साहू, रामा धीवर, दशरथ पैकरा, शकुंतला पटेल, पार्षद भानु प्रताप साहू, सुन्दर साहू, संजय साहू, मंजू बंजारे, भगवती साहू, यादव, गणेश साहू, भाजपा वरिष्ठ नेता गोटी लाला साहू, राजेंद्र श्रीवास, अभिजीत श्रीवास सहित अन्य मौजूद थे।

